आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा में संसद के निचले सदन और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने सहित तीन विधेयकों पर आज फिर से चर्चा हो रही है। एक रिपोर्ट–

सदन में दूसरे दिन हो रही चर्चा के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सभी सांसदों से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा है कि देश की लाखों महिलाओं की नजरें संसद और उसके फैसलों पर टिकी हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस बीच, देश में 106वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2023, नारी शक्ति वंदन अधिनियम कल से लागू हो गया। 2023 में संसद ने इसे पारित किया था। यह महत्वपूर्ण कानून लोकसभा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विधानसभा सहित सभी राज्य विधानसभाओं में सभी सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए बारी–बारी से आरक्षित करता है। अधिनियम के लागू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नारी शक्ति एक सशक्त भारत की पहचान है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए नारी की शक्ति और योगदान का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की माताएं, बहनें और पुत्रियां आज अपने अटूट संकल्प, समर्पण और सेवा भावना से हर क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह अधिनियम संघीय ढांचे के सभी स्तरों पर सार्वजनिक जीवन में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को मजबूती मिली है।

मैं प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की तरफ से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का बहुत–बहुत आभार प्रकट करता हूँ और आजादी के बाद से अब तक महिलाओं को जो उनका हक था, जो उनका अधिकार था, नही मिल पाया था। आज माननीय मोदी जी उनका हक और अधिकार देने जा रहे हैं।

कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त करने के साथ–साथ समाज में समानता लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

****

प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी और नकल विहीन बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने कई सख्त कदम उठाए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार ने कल बताया कि परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति को पूरी तरह लागू किया जाएगा, जिससे शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए आयोग मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की जाएगी। इस कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई–क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरों की व्यवस्था की गई है।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल आपूर्ति की गतिविधियां सामान्य हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि पश्चिम एशिया संकट के चलते सप्लाई पर असर हुआ है, लेकिन किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है।

घरेलू एलपीजी के संबंध में मैं यह बताना चाहूँगी कि किसी डिस्ट्रीब्यूटर पर कोई ड्राई–आउट रिपोर्टेड नहीं है। कल भी हमने लगभग 50 लाख से अधिक घरों में एलपीजी का सिलेंडर पहुँचाया है। हमारा ऑनलाइन बुकिंग 98 प्रतिशत है और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के साथ डिलीवरी लगभग 93 प्रतिशत है।

****

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और समाजवादी नेता चन्द्रशेखर की जयंती मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी कड़ी में आज बलिया जिले के जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में उनके जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित विवरणिका और जन्मशताब्दी प्रतीक चिन्ह का लोकार्पण भी किया गया।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अगले चार से पांच दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना व्यक्त की गयी है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा, हालांकि विभाग द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं बहुत हल्की वर्षा का भी पूर्वानुमान जारी किया गया है।

****